भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये

Rs. 100

02 JUN 2023

ONE HUNDRED RUPEES

रु. 100

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

CANCELLED

NOTARIAL NOTARIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH FW 599882

NOTARY

(प्रारूप–अ)

सत्र 2023–24 में नवस्थापित की जाने वाली डिप्लोमा इन फार्मेसी संस्थानओं की सोसइटी/ट्रस्ट के प्रबंधक और अध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले नोटरी शपथ–पत्र का पारूप

हम हरीराम तिवारी एवं रामसूरत यादव क्रमशः प्रबंधक एवं अध्यक्ष शक्ति सेवा समिति, शक्ति सदन लक्ष्मीनगर, गोसाईगंज, सदर, फैजाबाद शपथपूर्वक निम्नवत् बयान करते है–

1. यह कि हमारी सोसाइटी/ट्रस्ट द्वारा एस0 एस0 कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बेवाना, अकबरपुर, अम्बेडकरनगर नामक डिप्लोमा इन फार्मेसी संस्थान की स्थापना सत्र 2023–24 से किया जाना प्रस्तावित है।
2. यह कि हमारी सोसाइटी/ट्रस्ट के नाम शक्ति सेवा समिति, शक्ति सदन लक्ष्मीनगर, गोसाईगंज, सदर, फैजाबाद मे गाटा संख्या 2159, 2156 एवं 2155 रकबा 1.012 हेक्टेयर भूमि है।
3. यह कि,उपरोक्त भूमि पर किसी प्रकार का कोई भी वाद किसी भी न्यायालय में नही चल रहा है,और भूमि विवाद रहित है।
4. यह कि,उपरोक्त पते पर सोसाइटी के नाम उपलब्ध भूमि के गाटा संख्या 2159, 2156, 2155 एवं कुल रकबा 1.012हे0 पर उपरोक्त नाम की डिप्लोमा इन फार्मेसी संस्थान की स्थापना किये जाने का प्रस्ताव सोसाइटी/ट्रस्ट की बैठक दिनांक 30.06.2022 द्वारा पारित किया गया है।

5. यह कि,उपरोक्त भूमि पर ही प्रश्नगत डिप्लोमा इन फार्मेसी संस्थान संचालन हेतु भवनों का निर्माण अनुमोदित नक्शे के अनुसार किया गया है।

6. यह कि, निरीक्षण समिति के समक्ष उपरोक्त पते पर सोसाइटी/ट्रस्ट के नाम भूमि एवं उस पर निर्मित एवं निर्धारित भवनों को ही निरीक्षण समिति के समक्ष निरीक्षण हेतु प्रश्तुत किया गया है।

7. यह कि, इस भूमि एवं इस पर निर्मित भवनों पर फार्मेसी काउन्सिल आफॅ इण्डिया, नई दिल्ली के नियमों के अर्न्तगत ही डिप्लोमा इन फार्मेसी संस्थान का ही संचालन किया जायेगा।

8. यह कि, इस संस्था में फार्मेसी काउन्सिल आफॅ इण्डिया, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद से सम्बद्ध पाठ्यक्रम एवं प्रवेश क्षमता के अनुसार ही पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

9. यह कि,उपरोक्त भूमि व इस पर निर्मित भवनों में फार्मेसी काउन्सिल आफॅ इण्डिया, नई दिल्ली से अनुमोदित एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद,उ0प्र0 लखनऊ से सम्बद्ध संस्था एवं पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त किसी अन्य परिषद/विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित/सम्बद्ध कोई अन्य संस्थान/विद्यालय/महाविद्यालय/आई0टी0आई आदि का संचालन न तो पूर्व में कभी किया गया है, और न तो भविष्य में कभी किया जायेगा।

10. यह कि, संस्थान के संचालन हेतु आवश्यक क्लास रूम, प्रयोगशालाओं एवं कार्यशालाओं आदि को फार्मेसी काउन्सिल आफॅ इण्डिया, नई दिल्ली एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद के मानको के अनुसार ही सुसज्जित किया जायेगा।

11. यह कि, संस्थान के संचालन हेतु आवश्यक शैक्षिक एवं अशैक्षिक स्टाप की तैनाती सोसाइटी/ट्रस्ट द्वारा सत्र प्रारंभ के पूर्व कर लिया जायेगा।

12. यह कि, शासन /परिषद द्वारा निर्गत निर्देशों /आदेशों का भलीभांति पालन करूगां। यदि मेरे संस्था में किसी भी समय स्थलीय निरीक्षण में मानकानुसार कोई भी कमी पायी जाती है तो परिषद की निरीक्षण एवं सम्बद्धता समिति द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम होगा एवं मुझे मान्य होगा। इस हेतु मेरे द्वारा कोई विधिक कार्यवाही नही की जाएगी।

13. मै घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी उपरोक्त सूचना मेरी निजी जानकारी में पूर्ण रूप से सत्य है। यदि दी गयी जानकारी एवं अभिलेख/दस्तावेज फर्जी, कूटरचित अथवा त्रुटिपूर्ण पाए जाते है तो मेरे विरूद्ध परिषद द्वारा नियमानुसार कानून संगत कार्यवाही की जा सकेगी। ऐसी की गयी विधिक कार्यवाही हेतु मैं स्वंय उत्तरदायी होऊँगा।

रामसूरत यादव

ह0 प्रबंधक हरिशंकर तिवारी

ह0 अध्यक्ष